नव भारत
1934 से



फोटो : अशरफ अली

# ट्रेड डील पर उठाए सवाल

## किसानों के हितों से हुआ समझौता: राहुल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 24 फरवरी. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता बाहरी दबाव में किया गया है. उन्होंने दावा किया कि यह दबाव अमेरिका में जेफ्री एपस्टीन प्रकरण तथा उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े कानूनी मामलों से संबंधित है.**

राजधानी में आयोजित 'किसान चौपाल' में किसानों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि इस समझौते से भारतीय किसानों के हितों से समझौता किया है और संवेदनशील राष्ट्रीय जानकारी अमेरिका के साथ साझा की गई. उन्होंने आरोप लगाया कि एपस्टीन से जुड़े ईमेल, संदेश और अन्य दस्तावेजों को चुनिंदा तरीके से सार्वजनिक कर प्रभावशाली लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है. गांधी ने यह भी कहा कि अमेरिका में अडानी से जुड़े मामलों का उपयोग दबाव के साधन के रूप में किया जा रहा है और इसका वास्तविक लक्ष्य प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने दावा किया कि इसी कथित दबाव में सरकार ने ऐसे प्रावधान स्वीकार किए, जिनसे अमेरिकी कंपनियों को सोयाबीन, कपास और मक्का जैसी कृषि उपज भारत में निर्यात करने की अनुमति मिल सकती है, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा.

चीन के साथ सीमा तनाव का उल्लेख करते हुए गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की पुस्तक का हवाला दिया और आरोप लगाया कि संकट के दौरान सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था. उन्होंने यह भी दावा किया कि संसद में मुद्दा उठाने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत कर समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति जताई.

### कांग्रेसियों और पुलिस के बीच झड़प

रैली के दौरान प्रवेश व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प की स्थिति बनी। शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात डायवर्जन लागू किए गए। समाचार लिखे जाने तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी.

### किसानों से वादा खिलाफी के लिए राहुल और खड़गे को माफी मांगनी चाहिए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है. कांग्रेस ने वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश में किसान कर्जमाफी का वादा कर सरकार बनाई, लेकिन किसानों का कर्ज पूर्ण रूप से माफ नहीं किया. इसलिए राहुल और खड़गे को ट्रेड डील का विरोध करने के बजाय किसानों से माफी मांगनी चाहिए.

### राहुल गांधी के भाषण की बड़ी बातें

- मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की
- किसानों और देश के हित से किया समझौता
- अमेरिका से दबाव में की गई ट्रेड डील
- डील से भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा
- देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरेंडर मोदी हैं. उन्होंने देश को बेच दिया. किसानों के साथ छल किया. मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे. मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए. खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से अपनी बात नहीं रख पाते और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दबाव में फैसले लेते हैं. पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब नीतियां ऐसी हैं कि देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है. सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही है, जिससे किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं.



# भोपाल-धनबाद और चोपन के लिए नई ट्रेन

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिखाई हरी झंडी
- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव वर्चुअली हुए शामिल

**भोपाल, 24 फरवरी. राजधानी को पूर्वी भारत से जोड़ने वाली दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत 24 फरवरी से हो गई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल-धनबाद और भोपाल-चोपन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए. रेलवे अधिकारियों के अनुसार इन ट्रेनों से मध्यप्रदेश और झारखंड के बीच यात्रा और अधिक आसान, सुरक्षित और किफायती होगी. कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सांसद आलोक शर्मा डीआरएम पंकज त्यागी, सीधी विधायक रीति पाठक मौजूद रहे.**

### भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस (11631/11632)

#### यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी

- **भोपाल से प्रस्थान** - सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को रात 8 .55 बजे.
- **धनबाद पहुंचना** - अगले दिन रात 8 :20 बजे
- **वापसी में धनबाद से प्रस्थान** - सुबह 7 :20 बजे
- **भोपाल आगमन** - अगले दिन सुबह 7 : 00 बजे
- **प्रमुख ठहराव**: विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, ब्योहारी, सिंगरौली, चोपन, रेनुकूट, नगर उंटारी, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, पतरातू, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा और कतरासगढ़ सहित कई स्टेशन.

#### 22 एलएचबी कोच, सभी प्रमुख श्रेणियां उपलब्ध

दोनों ट्रेनों में कुल 22 एलएचबी कोच लगाए गए हैं, जिनमें एसी प्रथम श्रेणी, द्वितीय एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, सामान्य श्रेणी, एसएलआरडी और जनरेटर कार शामिल हैं.

#### यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी

- **नियमित भोपाल**-चोपन एक्सप्रेस( 11633/11634)
- **भोपाल से प्रस्थान** - हर रविवार रात 8 :55 बजे
- **चोपन आगमन** - अगले दिन सुबह 10 :50 बजे
- **वापसी में चोपन से प्रस्थान** - सोमवार शाम 5 :10 बजे.
- **भोपाल आगमन** - अगले दिन सुबह 7 :00 बजे
- **प्रमुख ठहराव**: विदिशा, गंजबासौदा, ओबरा डैम और चोपन.

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा** कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मध्यप्रदेश से जुड़े लगभग 48 हजार करोड़ रुपए के रेल प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं. राज्य में करीब 15 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं प्रगति पर हैं. उन्होंने इंदौर-मनमा रेल परियोजना, इटारसी-नागपुर चौथी लाइन, इटारसी-भोपाल-बीना रेलखंड विस्तार और रतलाम-नागदा तीसरी-चौथी लाइन जैसे कार्यों का उल्लेख किया.

